**Ministry of Education**
Minister
315 Front Street West
Toronto ON  M7A 0B8

**Ministère de l'Éducation**
Ministre
315, rue Front Ouest
Toronto ON  M7A 0B8

Ontario

ओंटैरियो के प्रिय अभिभावकों,

मैं अप्रत्याशित समय में आपको लिख रहा हूँ।

**सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हमारे छात्रों और शिक्षकों सहित ओंटैरियो के सभी लोगों को सुरक्षित रखना है।** हमारे सहयोगियों और सरकार के सभी स्तरों के साथ काम करते हुए, हम इस कठिन समय से बाहर निकलने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

COVID-19 के बारे में पहली बार जानने के बाद से ही, हम ओंटैरियो के सभी लोगों के स्वास्थ् और हितों की रक्षा के लिए परिस्थितियों में बदलावों की कर्मठतापूर्वक निगरानी कर रहे हैं। किसी भी समस्या से निपटने हेतु प्रान्त की तैयारी को सुनिश्चित करने के लिए हमने निर्णायक कार्यवाई भी की है।

इसीलिए, 12 मार्च, 2020 को, ओंटैरियो के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डेविड विलियम्स की सलाह के आधार पर मैंने 6 अप्रैल, 2020 तक प्रान्त में सभी सार्वजनिक रूप से फ़ंड किए जाने स्कूलों को बंद करने के लिए मंत्रालय का आदेश जारी किया। हमारी सरकार ने COVID-19 के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से — औद्योगिक जगत में स्कूलों को बंद करने वाले अधिकार क्षेत्र में सब से पहलों में से एक — निर्णायक कदम उठाया।

हम आपातकाल की स्थिति घोषित करने वाला कनाडा का पहला प्रांत भी हैं। ओंटैरियो के ***आपातकालीन प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा अधिनियम*** के तहत यह घोषणा हमारे अग्रणी बहादुर कार्यकर्ताओं की सहायता करने की प्रांत की क्षमता को बढ़ाती है जैसे वे इस चुनौती का पूरी तरह से सामना करना जारी रख रहे हैं।

मुझे उम्मीद है कि इस अनिश्चितता के इस दौर में मेरा यह पत्र कुछ हद तक अभिभावकों के कुछ सवालों के जवाब प्रदान कर सकता है।

हालांकि बड़े पैमाने पर इस वायरस की विशेषता और इसके बारे में की जाने वाली चर्चाएँ शारीरिक प्रभावों के बारे में ही है, मेरा मानना है कि हमारे लिए डर और चिंता की उस भावना को स्वीकारना और उस बारे में जवाब देना आवश्यक है जो संभव है आपके बच्चे और विशेष तौर पर हमारे युवा विद्यार्थियों महसूस कर रहे हो सकते हैं।
हमने उनमें से कई लोगों और सीधे उनके माता-पिता से ज्ञात हुआ है कि ये प्रतिक्रियाएँ अनिश्चितता और अत्यधिक मीडिया संपर्क की वजह से आती हैं, जिनका नतीजा जवाबों की बजाय अधिक सवाल है।

इस समय के दौरान, मैं आपको अपने बच्चों से COVID-19 के बारे में खुलकर बातचीत जारी रखने का अनुरोध करता हूँ और स्वीकारें के इस अवधि में उनकी प्रतिक्रियाएँ — हालांकि भावनात्मक — सहज और स्वाभाविक हैं। आपके और आपके बच्चों के लिए कई संसाधन उपलब्ध हैं, विशेषकर Kids Help Phone, जो कनाडा की एकमात्र 24/7 राष्ट्रीय सहायता सेवा है।
वे अंग्रेजी और फ्रेंच दोनों भाषाओं में युवाओं को पेशेवर परामर्श, सूचना और सिफ़ारिश और स्वयंसेवक के नेतृत्व वाले, सन्देश-आधारित सहायता मुहैया करते हैं। कृपया उनकी वेबसाइट www.kidshelpphone.ca पर जाएँ, 1-800-668-6868 पर कॉल करें या CONNECT टाइप करके 686868 पर भेजें।

.../p2

यद्यपि आपके बच्चों की सेहत और सुरक्षा मेरी प्राथमिकता है, मै जानता हूँ कि आप में से बहुत से लोग सोच रहे हैं कि हम विद्यार्थियों के कक्षा से बाहर रहने के दौरान उनकी सीखने की प्रक्रिया को जारी रखना कैसे सुनिश्चित करेंगे।

आपके बच्चों की पढाई सुनिश्चित करने के लिए प्रारंभिक चरण के रूप में हमारी सरकार ने एक ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया है जो बालवाड़ी से लेकर 12 वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को शैक्षिक संसाधनों की एक विस्तृत विविधता क्यूरेट और प्रदान करने के लिए समर्पित है।

यह ऑनलाइन पोर्टल जो Ontario.ca/learnathome पर उपलब्ध है, हर स्तर के विद्यार्थियों को स्कूल से दूर रहते हुए सीखना जारी रखने में सहायता करता है। इन संसाधनों का निर्माण ओंटैरियो के शिक्षकों द्वारा किया गया है और सभी ग्रेड के लिए संसाधनों की जानकारी अग्रणी प्रशिक्षण मार्गदर्शकों द्वारा प्रदान की गई है। हम सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को सीधे ओंटैरियो पाठ्यक्रम पर आधारित ऑनलाइन पाठ्यक्रमों तक पहुँच मुहैया कर रहे हैं।

हालाँकि सार्वजनिक रूप से फ़ंड किए जाने वाले स्कूलों को 6 अप्रैल तक बंद करने का आदेश दिया गया है, COVID-19 के घटनाक्रमों के आधार पर हम इस बंद को आगे बढ़ाए जाने की सूरत में तैयारी कर रहे हैं।

विशेष रूप से, हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि कक्षा की व्यवस्था में नहीं होने पर भी विद्यार्थी अपने कोर्सवर्क और क्रेडिट संचय जारी रख पाएँ। ओंटैरियो, ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की उपलब्धता और अधिकता में एक अग्रणी अधिकार-क्षेत्र है, इसलिए हम छात्रों के पढ़ाई और विकास को बढ़ावा देने के लिए इन उपकरणों और अन्य संसाधनों का उपयोग जारी रखेंगे। जिन विद्यार्थियों की कंप्यूटर तक पहुँच नहीं है उन्हें भाग लेने के लिए आवश्यक तकनीक मुहैया कराना सुनिश्चित करने के लिए हम स्कूल बोर्डों के साथ काम कर रहे हैं।

हम जानते हैं कि स्नातक वर्ष में बच्चों वाले लोगों के लिए इस बारे में अनिश्चितता हो सकती है कि क्या वे विद्यार्थी स्नातक कर पाएँगे। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं: दो सप्ताह के बंद और COVID- 19 की गतिविधियों से स्नातक के किसी भी विद्यार्थी की स्नातक करने की योग्यता प्रभावित नहीं होगी। उदाहरण के लिए, मैंने इस शिक्षण वर्ष के लिए EQAO असेसमेंट रद्द कर दिया है। मैंने स्नातक की आवश्यकताओं में बदलाव को भी मंजूरी दे दी है, इसलिए स्नातक करने वाले विद्यार्थियों के लिए ओंटैरियो माध्यमिक विद्यालय साक्षरता परीक्षा (OSSLT) को पूरा करना आवश्यक नहीं है। हम इस सेमेस्टर में किसी भी समस्या के बावजूद, माध्यमिक शिक्षा (अपरेंटिसशिप, कॉलेज और विश्वविद्यालय सहित) में विद्यार्थियों के आवेदन सुनिश्चित करने के लिए कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के मंत्रालय और श्रम, प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्रालय के साथ भी काम कर रहे हैं।

इस समय में, सबसे अधिक महत्वपूर्ण है कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर सावधानी बरतें कि, जब विद्यार्थी क्लास में वापस जाते हैं तो, वह सुरक्षित और स्वस्थ शैक्षिक वातावरण में वापस जाते हैं। ।

शिक्षा मंत्रालय स्कूल की जगहों, बच्चों की देखभाल के केंद्रों और स्कूल बसों की उचित सफ़ाई के लिए सभी स्कूल बोर्ड को धन प्रदान कर रहा है। बंद की अवधि के बाद हम विद्यार्थियों, शिक्षार्थियों और हमारे शिक्षकों के सभी जोखिमों को कम करेंगे।

और आप में से जो कनाडा के बाहर से यात्रा करके लौट रहे हैं, यह आवश्यक है कि आप ओंटैरियो के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. विलियम्स के सुदृढ़ निर्देशों का पालन करें और जब आप और आपका परिवार वापस लौटते हैं

.../p3

तो 14 दिनों के लिए खुद को अलग रखें। इसका मतलब  आपके साथ यात्रा न करने वाले आपके परिवार के सदस्यों और समुदाय के लोगों में बीमारी का प्रसार रोकने में सहायता के लिए घर पर रहना और अन्य लोगों के साथ संपर्क से बचना है।

यदि आपको लगता है कि आपको या परिवार के किसी सदस्य में कोरोनवायरस (COVID-19) लक्षण हैं या किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ निकट संपर्क में रहे हैं, तो खुद को अलग रखने  के अलावा , आगे की देखभाल निर्धारित करने के लिए ontario.ca/coronavirus पर सेल्फ़-असेसमेंट परीक्षण करें। यह साइट आपको और आपके परिवार को स्वस्थ और सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक सारी जानकारी भी प्रदान करेगी।

ओंटैरियो सरकार इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान ओंटैरियो के लोगों को सुरक्षित और महफ़ूज़ रखने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा मंत्री के रूप में, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं वैज्ञानिक तथ्यों, सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों की सर्वोत्तम सलाह के आधार पर और हमेशा आपके बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान रखते हुए निर्णय लूँगा।

अपना काम जारी रखते हुए हम आपको सूचित करते रहेंगे।

सुरक्षित रहें।



माननीय स्टीफ़न लेचे
शिक्षा मंत्री